प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 153 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 05 नवंबर 2026


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने महाराष्ट्रा एलएसए के तहत रत्नागिरी जिले के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सितंबर 2026 के महीने के दौरान **महाराष्ट्रा एलएसए के तहत रत्नागिरी जिले** के आस-पास के इलाकों के लिए किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) पर गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा(ट्राई) ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से **08** सितंबर 2026 से **11** सितंबर 2026 के दौरान महाराष्ट्रा एलएसए के रत्नागिरी जिले में सिटी ड्राइव- **346.1** किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस-**11, वाक टेस्ट- 7.6 हाईवे ड्राइव- 131.8** पर टेस्ट ड्राइव आयोजित किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** ड्राइव टेस्ट रुप मैप मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाता है:--



5. **प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) कवरेज गैप: नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) वॉयस सर्विसेज : कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुई।

घ) डाटा सर्विसेज : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए रत्नागिरी में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है-

1. रत्नागिरी जिला

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल स्ट्रेंथ, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल** के लिए **5692**/33673, **बीएसएनएल** के लिए **1484**/40900, **आरजेआईएल** के लिए **1184**/42801 और **वीआईएल** के लिए **4823**/38305 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **एयरटेल** के लिए **15**/301, **बीएसएनएल** के लिए **32**/338 , **आरजेआईएल** के लिए **10**/387 और **वीआईएल** के लिए **12**/339 थे। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी जाने वाली कॉल साइलेंस इंस्टेंस, **एयरटेल** के लिए **बीएसएनएल** के लिए, **आरजेआईएल** के लिए **15**/282 और **वीआईएल** के लिए **23**/355 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल** के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **113.81** Mbps (5G/4G) देखी गई, **बीएसएनएल (4G)**, के लिए **4.42 Mbps**, **आरजेआईएल**(5G/4G) के लिए
134.77 Mbps और **वीआईएल**(5G/4G/2G) के लिए **38.93** Mbps के रूप में देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल(5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड **17.46** Mbps, **बीएसएनएल (4G) के** लिए **2.62 Mbps**, **आरजेआईएल(5G/4G)** के लिए **134.77** Mbps और **वीआईएल(5G/4G/2G)** के लिए **38.93** Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है**।**

नोट: ड्रॉप्ड कॉल और कॉल साईलेंस स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान का पता लगाया जा सकता है

2. हाईवे ड्राइव - रत्नागिरी से कोल्हापुर

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल स्ट्रेंथ, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल** के लिए **333**/11280 , **बीएसएनएल** के लिए **381**/11135, **आरजेआईएल** के लिए **100**/11954 और **वीआईएल** के लिए **185**/11656 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए **6**/56 , बीएसएनएल के लिए **14**/57, आरजेआईएल के लिए **2**/59 और वीआईएल के लिए **7**/62 थे। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी जाने वाली कॉल साइलेंस इंस्टेंस, एयरटेल के लिए **3**/55 , बीएसएनएल के लिए **1**/59, आरजेआईएल के लिए **6**/62 और वीआईएल के लिए **1**/61 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल**(5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड **124.67**Mbps देखी गई, **बीएसएनएल 6.77**Mbps, **आरजेआईएल**(5G/4G) के लिए **269.13** Mbpsऔर **वीआईएल**(5G/4G/2G) के लिए **53.05** Mbps के रूप में देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल(5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड **19.77** Mbps, **बीएसएनएल** के लिए **6.57 Mbps**, **आरजेआईएल(5G/4G)** के लिए **12.27** Mbps और **वीआईएल(5G/4G/2G)** के लिए **14.17** Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

नोट: ड्रॉप्ड कॉल और कॉल साईलेंस स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान का पता लगाया जा सकता है.

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

क) शहर - मुंबई सिटी ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र हैं:- देवले, कोसुंब, नवादी, कुर्धुंडा, हथखंबा, मिर्जोल, जकादेवी, जयगढ़, उंडी, गणपतिपुले, बसनी, तिलक अली, भाटे, पूर्णगढ़, आदिवारे, राजापुर, दसूर, सातवली, लांजा, पूनास और नाचेने आदि।

ख) हाईवे– हाईवे ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र हैं:- तेली आली, करवंचवाड़ी, नानीज, कोंडगांव, अंबा, मलकापुर, बंबावडे और केरले आदि।.

ग) हॉटस्पाट - हॉट स्पॉट स्थान, स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए कवर किये गए क्षेत्र हैं:- भाटे बीच, जिला कलेक्टर कार्यालय, रत्नागिरी, लांजा एसटी बस स्टैंड/मेन टाउन सेंटर, राजापुर सरकारी अस्पताल, राजापुर एसटी बस स्टैंड, रत्नादुर्ग किला/भगवती किला, रत्नागिरी फिश मार्केट और फिशरमैन डॉकिंग स्टेशन, रत्नागिरी एसटी बस स्टैंड, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रत्नागिरी, थिबा पॉइंट और जिला परिषद, रत्नागिरी।.

घ) हॉटस्पाट वॉक टेस्ट – 08 सितंबर और 11 सितंबर 2026 को आयोजित वॉक टेस्ट में कवर किए गए क्षेत्र हैं:- गणपतिपुले बीच, राजापुर मार्केट एरिया, रत्नागिरी मेन मार्केट और रत्नागिरी रेलवे स्टेशन।

8. . आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.bengaluru@trai.gov पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेगलरु से दरभाष सं 91-80-22865004.पर संपर्क किया जा सकता है।

(एम. रविशंकर)
सलाहकार, ट्राई क्षे.का.बेगलूरु


1. जिला: **अनुलग्नक-1**

क) **कवरेज गैप** - वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या	33673	40900	42801	38305
खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या	7800	10960	8344	11117
सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या	5692	1484	1184	4823

नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप




नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

ख) ड्राप्ड कॉल - ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -

मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
स्थापित सफल कॉल की संख्या	301	338	387	339
ड्राप्ड कॉल की संख्या	15	32	10	12

ड्राप्ड काल्स स्थान





नोट: ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -


मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर)	282	310	355	306
कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए	13	10	20	6
>3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या	15	11	23	6

कॉल साईलेंस के स्थान










नोट: कॉल साइलेंस इंस्टेंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

घ) डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के खिलाफ औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है

(i) डाउनलोड थ्रूपुट


मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	23.00	5.00	15.00	15.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	113.81	4.42	134.77	38.93



नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

(ii) अपलोड थ्रूपुट:

मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	10.00	3.00	7.00	8.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	17.46	2.62	11.40	8.50



नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


2. हाईवे - रत्नागिरी से कोल्हापुर (महाराष्ट्रा एलएसए):

क) **कवरेज गैप** - वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या	11280	11135	11954	11656
खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या	1531	3507	509	1313
सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या	333	381	100	185


नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप






RJIL



VIL




नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


ख) ड्राप्ड कॉल - ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -


मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
स्थापित सफल कॉल की संख्या	56	57	59	62
ड्राप्ड कॉल की संख्या	6	14	2	7

ड्राप्ड काल्स स्थान










नोट: ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


ग) डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के खिलाफ औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:


(i) डाउनलोड थ्रूपुट

मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	23.00	5.00	15.00	15.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	124.67	6.77	269.13	53.05











नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

(ii) अपलोड थ्रूपुट:

मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	10.00	3.00	7.00	8.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	19.77	6.57	12.27	14.17









नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।